# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष:0151 -2970177 ई :मेल-registrar@mgsubikaner.ac.in


प.07(170)मगंसिविबी./प्रबन्ध बोर्ड-37/2022/ 14588- 604 दिनांक : 4/8/22

1. प्रो. विनोद कुमार सिंह,माननीय अध्यक्ष- प्रबन्ध बोर्ड,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,बीकानेर।
2. श्रीमती कृष्ण पूनिया, माननीय विधायक, 297, कृष्णा निवास, वार्ड न. 14, राजगढ जिला-चूरू।
3. श्री जगदीश चन्द्र, माननीय विधायक-सादुलशहर, वार्ड न. 3, रेलवे क्रॉसिंग के पास,सादुलशहर।
4. प्रमुख शासन सचिव, वित्त, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
5. शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
6. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर।
7. श्रीमान् संभागीय आयुक्त, बीकानेर।
8. श्री वरूण यादव, A-256, Paramount Golf Foreste Villa, Sector Zeta 2, UPSIDC Site C, Greater Noida (U.P.) 201306
9. प्रो. कृपा शंकर तिवाड़ी, 12, सौम्या इन्क्लेव एक्सटेन्शन,कोलार रोड़, चूना भट्टी, भोपाल।
10. प्रो. एच.एस. शर्मा, सेवानिवृत आचार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
11. श्री एन.एस. बिस्सा, फ्लेट न. 12, ग्राउण्ड फ्लोर, जगदीश विहार-द्वितीय, प्रेम नगर, जगतपुरा, जयपुर (राज.)
12. प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल, संकायाध्यक्ष कला, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
13. डॉ. जी.पी. सिंह, प्राचार्य, राजकीय डूंगर महाविद्यालय, बीकानेर।
14. प्रो.अनिल कुमार छंगाणी,विभागाध्यक्ष पर्यावरण विज्ञान,महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
15. प्रो. राजाराम चोयल, आचार्य, पर्यावरण विज्ञान, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर।
16. डॉ. राकेश हर्ष, प्रतिनिधि, शासन सचिव, उच्च शिक्षा, राज. सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
17. डॉ. अनन्त जोशी, प्राचार्य, बी.जे.एस.आर. जैन विधि महाविद्यालय, बीकानेर।

**विषय :- प्रबन्ध बोर्ड की 38 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण भिजवाने बाबत।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि दिनांक 30-07-2022 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की 38 वीं बैठक का कार्यवाही विवरण इस पत्र के साथ संलग्न कर भिजवाया जा रहा है। कृपया उक्त कार्यवाही विवरण में माननीय सदस्य को कोई आपत्ति हो तो सात दिवस में लिखित रूप से अवगत कराने की कृपा करें।

संलग्नः कार्यवाही विवरण।

भवदीय,

(यशपाल आहुजा)

सदस्य सचिव

mycomp/E/Sl/doex1

Scanned with CamScanner

# महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

दूरभाष: 0151-2970177 ई-मेल: registrar@mgsubikaner.ac.in


प.07( )मगंसिविबी/प्रबन्ध बोर्ड-38/2022/ दिनांक

## प्रबन्ध बोर्ड की 38 वीं बैठक
## कार्यवृत्त (Minutes)

प्रबन्ध बोर्ड की 38वीं बैठक दिनांक 30 जुलाई, 2022 को दोपहर 03:00 बजे प्रबन्ध बोर्ड सभागार, महर्षि शौनक भवन (कुलपति सचिवालय) में माननीय कुलपति प्रो. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित उपस्थित हुए :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 विनोद कुमार सिंह**<br>महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर | अध्यक्ष |
| 2 | **श्री जगदीश चन्द्र**<br>माननीय विधायक-सादुलशहर | सदस्य |
| 3 | **डॉ0 राकेश हर्ष, सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा**<br>नामित, शासन सचिव, उच्च शिक्षा राज. सरकार, जयपुर | सदस्य |
| 4 | **प्रो0 कृपाशंकर तिवाडी**<br>माननीय कुलाधिपति द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य<br>(ऑनलाइन माध्यम से) |
| 5 | **प्रो0 एच.एस. शर्मा**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 6 | **श्री एन.एस. बिस्सा**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत शिक्षाविद् | सदस्य |
| 7 | **डॉ0 अनन्त जोशी**<br>राज्य सरकार द्वारा मनोनीत प्राचार्य, निजी महाविद्यालय | सदस्य |
| 8 | **प्रो0 सुरेश कुमार अग्रवाल**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 9 | **डॉ0 जी.पी. सिंह**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत संकायाध्यक्ष | सदस्य |
| 10 | **प्रो0 अनिल कुमार छंगाणी**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 11 | **प्रो0 राजाराम चोयल**<br>कुलपति महोदय द्वारा मनोनीत आचार्य | सदस्य |
| 12 | **श्री यशपाल आहुजा, कुलसचिव** | सदस्य सचिव |
| 13 | **श्री बनवारी लाल सर्वा, वित्त नियंत्रक** | विशेष आमंत्रित सदस्य |

बैठक के प्रारम्भ में सदस्य सचिव द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 38 वीं बैठक में उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से जुडे सभी माननीय सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया गया। विशेषकर विश्वविद्यालय प्रबन्ध बोर्ड में नव मनोनीत प्रो0 एच.एस. शर्मा एवं पुनः मनोनीत श्री एन.एस. बिस्सा का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनका स्वागत किया गया। साथ ही शासन सचिव के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित सहायक निदेशक, कॉलेज शिक्षा डॉ. राकेश हर्ष जी का भी स्वागत किया गया।

Scanned with CamScanner

तत्पश्चात माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रबन्ध बोर्ड की 37वीं बैठक दिनांक 04 मई, 2022 के पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण प्रबन्ध बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इसके उपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| मद संख्या | विवरण | अनुभाग/ विभाग |
|---|---|---|
| 482 | दिनांक 04-05-2022 को सम्पन्न हुई प्रबन्ध बोर्ड की 37वीं बैठक के कार्यवाही विवरण की पुष्टि का प्रस्ताव।<br>**परिशिष्ट-1** (पृष्ठ संख्या 01-04) | |
| **निर्णय** | **पुष्टि की गई।** | शैक्षणिक |
| 483 | दिनांक 04-05-2022 को आयोजित प्रबन्ध बोर्ड की 37वीं बैठक के कार्यवृत पर बिन्दुवार की गई कार्यवाही की अनुपालना रिपोर्ट (ATR) के अनुमोदन का प्रस्ताव।<br>**परिशिष्ट-2** (पृष्ठ संख्या : 05-21) | |
| **निर्णय** | **(3) नैक निरीक्षण में विश्वविद्यालय को प्राप्त 'सी' ग्रेड के संबंध में विश्वविद्यालय स्तर पर रही कमियों की जांच एवं आगामी समय में अव्वल ग्रेड प्राप्त करने हेतु योजना के संबन्ध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार समिति गठित की गई :-**<br>**1. प्रो0 एच.एस. शर्मा -संयोजक**<br>**2. डॉ. राकेश हर्ष - सदस्य**<br>**3. डॉ. जी.पी. सिंह- सदस्य**<br>**समिति बैठक आयोजित कर शीघ्र रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी।** | निदेशक, आई.क्यू.ए.सी. |
| | **(4) विश्वविद्यालय में शैक्षणिक पदों पर चयन हेतु निर्धारित रोस्टर के संबंध में विज्ञापन जारी करने से पूर्व काल्पनिक प्रक्रिया करने का निर्णय लिया गया।** | संस्थापन अनुभाग |
| | **(5) यू.एम.एस. के संबंध में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार से प्रत्युत्तर प्राप्त होने के पश्चात् कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।** | सामान्य प्रशासन अनुभाग |
| 484 | **प्रतिवेदित है कि** विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 के प्रावधानानुसार माननीय कुलपति महोदय द्वारा 01 अप्रेल, 2022 से 30 जून, 2022 तक प्रबन्ध बोर्ड की प्रत्याशा में अंतरिम बजट (लेखानुदान) स्वीकृत किया गया। उक्त सम्बन्ध में जारी आदेश क्रमांक F.05( )MGSU/ Budget/ 2022/65 दिनांक 01-04-2022 एवं 9470-74 दिनांक 30-06-2022 जारी किया गया। उक्त आदेश पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट-3** (पृष्ठ संख्या :22-23) | |
| **निर्णय** | **पुष्टि की गई।** | लेखा |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| 485 | वित्तीय वर्ष 2021-22 की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। ।<br>**परिशिष्ट-4** (पृष्ठ संख्या :24-40) | |
| **निर्णय** | **अंकेक्षण रिपोर्ट 2021-22 का अनुमोदन किया गया। साथ ही सुझाव दिया कि जारी अग्रिम राशि के समायोजन हेतु राशि का उपयोग होने की एक माह की अवधि में समायोजन करवाया जाना सुनिश्चित कराया जाए। पूर्व में बकाया प्रकरणों का भी शीघ्र निस्तारण करवाया जाए।** | लेखा अनुभाग |
| 486 | वित्त समिति की बैठक दिनांक 27-06-2022 में अनुशंसित विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 के वास्तविक बजट प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट-5** (पृष्ठ संख्या : 41-50) | |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा वित्त समिति द्वारा अनुशंसित वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट अनुमान एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 के वास्तविक बजट का अनुमोदन किया गया। साथ ही पुस्तकालय मद में राशि रू. 100 लाख में संशोधन करते हुए रू.200 लाख करने का निर्णय लिया गया।** | लेखा अनुभाग |
| 487 | प्रबन्ध बोर्ड की 36 वीं बैठक दिनांक 05 जनवरी, 2022 के विनिर्णय संख्या 470 की पालना में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के प्रावधानानुसार (जो महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 के धारा 48 के अनुसार प्रभावी है) के सहायक कुलसचिव से उप कुलसचिव एवं अनुभाग अधिकारी से सहायक कुलसचिव पद पर पदोन्नति करने हेतु दिनांक 21 जून, 2022 को आतंरिक चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। आतंरिक चयन समिति द्वारा प्रस्तुत अनुशंसा प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है। | |
| **निर्णय** | **प्रबन्ध बोर्ड द्वारा पदोन्नति हेतु राज्य सरकार से अनुमति प्राप्त करने की कार्यवाही किये जाने का निर्णय लिया गया।** | संस्थापन अनुभाग |
| 488 | प्रतिवेदित किया जाता है कि विद्या परिषद् की विशेष बैठक दिनांक 05-04-2022 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन विश्वविद्यालय अधिनियम, 2003 में दिये गए प्रावधानुसार प्रबन्ध बोर्ड के अनुमोदन की प्रत्यशा में माननीय कुलपति महोदय की स्वीकृति से किया गया। प्रबन्ध बोर्ड की पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।<br>**परिशिष्ट-6** (पृष्ठ संख्या : 51-54) | |
| **निर्णय** | **पुष्टि की गई।** | शैक्षणिक अनुभाग |

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही सम्पन्न हुई।

(यशपाल आहुजा)
सदस्य सचिव

Scanned with CamScanner